NBT
नवभारत टाइम्स

नकली टायर और ट्यूब बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा, 2 भाई अरेस्ट

\Bभोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में नकली टायर और ट्यूब बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। यहां आरोपित फैक्ट्री संचालक कई कंपनियों के नाम पर ...

सर्वेश शर्मानवभारत टाइम्स | Updated: 04 Nov 2019, 08:00:00 AM IST

\Bएनबीटी न्यूज, मोदीनगर : \Bभोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में नकली टायर और ट्यूब बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। यहां आरोपित फैक्ट्री संचालक कई कंपनियों के नाम पर नकली माल बना रहे थे। एसएचओ राजीव कुमार ने बताया पुलिस ने छापा मारकर संचालक दोनों सगे भाइयों को अरेस्ट कर लिया है। वहीं, उनके तीन साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फैक्ट्री से पैकिंग मशीन, डाई मेकर और अन्य सामान बरामद किया है।

\Bब्रैंड का करते थे इस्तेमाल\B

पुलिस ने बताया कि इस फैक्ट्री के खिलाफ काफी शिकायतें मिली थीं। यहां देश की मशहूर कंपनियों के नाम से टायर और ट्यूब तैयार किए जा रहे थे। पुलिस गिरफ्तार शमशाद और इरशाद से पूछताछ कर रही है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/ghaziabad/fake-tire-and-tube-factory-raided-2-brothers-arrested/articleshow/71882966.cms